# सिन्धी कैम्प से कार लूट में दो आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**जयपुर।** सिन्धी कैम्प से स्विफ्ट डिजायर कार लूट की सनसनीखेज घटना में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी रविन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू बुढानिया की तलाश जारी है। यह कार्रवाई डीसीपी जयपुर पश्चिम अमित कुमार के निर्देशन में गठित टीम ने की।

जानकारी के अनुसार परिवादी अशोक कुमार वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 1 दिसंबर, 2024 को सुबह 4¬30 बजे तीन लोगों ने उनसे सिन्धी कैम्प से रानोली तक कार किराए पर बुक की। यात्रा के दौरान रानोली से आगे पहुंचने पर आरोपियों ने चालक पर हमला कर उसे घायल कर दिया और 6,000 रुपये नकद, मोबाइल और कार लूटकर फरार हो गए।

इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने आरोपियों का रूट मैप तैयार कर तकनीकी साक्ष्यों को जुटाया। जांच में तीन आरोपी रविन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू बुढानिया (फतेहपुर, सीकर), सचिन सिंह (फतेहपुर, सीकर) और दीपक सिंह चौहान उर्फ बॉक्सर (रामगढ़ सेठान, सीकर) के नाम सामने आए।

इसके बाद 13 दिसंबर, 2024 को पुलिस टीम ने दीपक सिंह चौहान उर्फ बॉक्सर और सचिन सिंह को फतेहपुर, सीकर से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान पीड़ित अशोक कुमार वर्मा द्वारा की गई। लूटी गई स्विफ्ट डिजायर कार को भी फतेहपुर से बरामद कर लिया गया।

# वित्त मंत्री पैदल जैसलमेर की गलियों में घूमी, सोनार फोर्ट को देखकर बोलीं- वंडरफुल, पाकिस्तान बॉर्डर पर भी पहुंचीं



**जैसलमेर।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को जैसलमेर का विजिट किया। 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जैसलमेर आई निर्मला सीतारमण ने रविवार को तनोट माता मंदिर, सोनार फोर्ट की गलियों का भ्रमण कर जैसलमेर को वंडरफुल सिटी बताया। साथ ही जैसलमेर से लगने वाली भारत-पाकिस्तान अंतरराष्टीय बॉर्डर पर भी पहुंचीं, जहांं जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला भी बढ़ाया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तनोट माता मंदिर परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**वापस लौटी दिल्ली :**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपनी 3 दिवसीय जैसलमेर यात्रा के बाद रविवार दोपहर को इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली लौट गई। जैसलमेर दौरे के दौरान निर्मला सीतारमण ने शनिवार को होटल मैरियट में जीएसटी काउंसिल की बैठक की। जिसमें कई रायों के सीएम, उप मुख्यमंत्री व फाइनेंस सेक्रेटरी ने हिस्सा लिया। रविवार को सीतारमण ने जैसलमेर भ्रमण कर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी।

**बॉर्डर स्थित तनोट माता मंदिर में किए दर्शन :**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को भारत-पाक सरहद स्थित शक्तिपीठ तनोट माता के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां तनोटराय से देश में खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने तनोट परिसर में ऑडियो विजुअल और हथियार प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# वसुन्धरा राजे से मिलकर भावुक हुई महिला, आंसुओं में बयां किया आभार

**बालोतरा।** राजस्थान के बालोतरा जिले के अराबा गांव में पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे के प्रति एक महिला का सम्मान और प्रेम बेहद भावुक रूप में सामने आया। गांव में एक कार्यक्रम के दौरान रामी देवी नामक महिला, जो वर्षों से श्रीमती राजे की समर्थक रही हैं, अचानक श्रीमती राजे से गले मिलकर फूट-फूट कर रोने लगी। श्रीमती राजे ने उसे शांत करने का प्रयास किया और आंसू पोछते हुए पूछा, तुम क्यों रो रही हो? रामी देवी ने जवाब दिया, कोई काम नहीं है मुझे, मैं तो सिर्फ़ आपसे मिलना चाहती थी। आपसे मिलने की इतनी खुशी हुई कि रोना आ गया।

रामी देवी ने अपनी खुशी और आस्था का इजहार करते हुए कहा, वसुन्धरा जी थे सगली लुगाया रो मान हो, जो एक स्थानीय बोली में श्रीमती राजे के प्रति उनके सम्मान और भावनाओं का प्रतीक था। इस वाक्य में रामी देवी ने जताया कि वसुन्धरा राजे से मिलकर उनका सम्मान और मन संतुष्ट हुआ, और उनका यह मिलन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण था।

यह घटना ना केवल श्रीमती राजे के समर्थकों के बीच उनके प्रति गहरी आस्था को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि एक नेता का जनसमर्थन और उनका जनता के साथ कनेक्शन कितना गहरा होता है। श्रीमती राजे के लिए यह पल उनके कार्यों और समर्पण का सचा फल था, जो उन्होंने हमेशा जनता की भलाई के लिए किया।

# वार्डन ने स्टूडेंट को हॉस्टल की छत से फेंका, मौत

## स्कूल ने तीन दिन तक घरवालों को नहीं दी सूचना; आरोपी सहित दो टीचर गिरफ्तार

**करौली ।** करौली में 7वीं क्लास के स्टूडेंट को वार्डन ने हॉस्टल की छत से फेंक दिया। गंभीर घायल छात्र की आठ दिन बाद मौत हो गई। पुलिस ने वार्डन सहित दो टीचर को गिरफ्तार किया है। मामला कुडगांव थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव स्थित निजी आवासीय स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर का है।

सपोटरा डीएसपी कन्हैयालाल ने बताया- गांवड़ा मीणा निवासी दिलराज मीणा (14) पुत्र राम अवतार मीणा सलेमपुर गांव स्थित एक निजी आवासीय स्कूल में 7वीं कक्षा का छात्र था। परिजन का आरोप है कि 13 दिसंबर को छात्र हॉस्टल की छत पर नहाने के लिए जा रहा था। वार्डन ने उसे छत (एक मंजिल) से नीचे फेंक दिया, जिससे उसके चेस्ट और पैर में चोट आई थी।

तीन दिन तक स्कूल प्रशासन ने घरवालों को कोई सूचना नहीं दी। छात्र ने किसी का मोबाइल फोन लेकर घर पर सूचना दी। इसके बाद परिजन ने 17 दिसंबर को बच्चे को गंगापुर सिटी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चे की हालत में सुधार नहीं होने पर 18 दिसंबर को करौली के जिला अस्पताल लेकर आए। यहां से 21 दिसंबर (शनिवार) को बच्चे को गंभीर अवस्था में जयपुर रेफर कर दिया। जयपुर ले जाते समय रास्ते में बच्चे की मौत हो गई।

# मंत्री झाबर खर्रा बोले- कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर का अपमान किया, मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिलवाया

**जयपुर।** खर्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बाबासाहेब को मुंबई से चुनाव हराने की साजिश की, उन्हें मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने पर मजबूर किया और संविधान सभा के दौरान कार्टून विवाद में अपमानित किया।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन रायमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कांग्रेस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबासाहेब का अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया, लेकिन उन्हें उचित सम्मान देने में कोताही बरती।



खर्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बाबासाहेब को मुंबई से चुनाव हराने की साजिश की, उन्हें मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने पर मजबूर किया और संविधान सभा के दौरान कार्टून विवाद में अपमानित किया। उन्होंने यह भी कहा कि बाबासाहेब के निधन के समय उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में करने के बजाय मुंबई में किया गया और तत्कालीन राष्टपति को इसमें शामिल होने से रोका गया।

**नेहरू और गांधी परिवार पर निशाना :**खर्रा ने कहा कि नेहरू और गांधी परिवार ने अपने नाम पर स्मारक बनवाए, लेकिन अंबेडकर के नाम पर स्मारक बनाने का कभी विचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी का कहना था कि ऐसे स्मारक जनता के संसाधनों से नहीं बनाए जाने चाहिए।

**भाजपा ने दिया बाबासाहेब को उचित सम्मान :**खर्रा ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने बाबासाहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया और उनके नाम पर भव्य स्मारक बनाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अंबेडकर के कद के अनुरूप उन्हें सम्मान दिया, जो कांग्रेस को पच नहीं रहा है।

**कांग्रेस पर झूठ बोलने का आरोप :**खर्रा ने कांग्रेस पर झूठ बोलने और जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले एक साल में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया, पेपर लीक की घटनाओं को रोका और युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया।

**राहुल गांधी पर तंज :**कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए खर्रा ने कहा कि 55 साल के युवा नेता अभी तक परिपक्व नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बातों पर टिप्पणी करना भी समय की बर्बादी है।

**कांग्रेस की व्याकुलता का परिणाम विरोध प्रदर्शन :**खर्रा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियों से कांग्रेस घबराई हुई है और अनर्गल बयानबाजी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के बहकावे में नहीं आ रही है और भाजपा सरकार की नीतियों का समर्थन कर रही है। खर्रा ने कांग्रेस पर प्रदेश का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता भाजपा के जनहितकारी कार्यों का समर्थन कर रही है और भविष्य में भी करेगी।

# जयपुर में राजस्थान रॉयल्स बनाएगी नया स्टेडियम



**जयपुर।** राजस्थान सरकार अब पीपीपी मोड पर खेल गतिविधियों को और बेहतर करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत राजस्थान रॉयल्स मैनेजमेंट की ओर से जयपुर में नया ग्रीन फील्ड स्टेडियम तैयार किया जाएगा। इसमें दुनियाभर की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस पर सवाई मानसिंह स्टेडियम समेत प्रदेश के अलग-अलग स्टेडियम और ग्राउंड एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर संचालित करने की प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया गया है। यहां सरकार की ओर से होनहार खिलाड़ियों को मुफ्त ट्रेनिंग दी जाएगी। स्टेडियम और ग्राउंड को डेवलप और मेंटेन करने वाली कंपनी अपने स्तर पर रेवेन्यू भी जनरेट कर सकेगी।

**राजस्थान रॉयल्स जयपुर में तैयार करेगा नया स्टेडियम:**खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया- राइजिंग राजस्थान के दौरान खेल गतिविधियों को और बेहतर बनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन के साथ 1 हजार करोड़ से यादा का MOU हुआ है। इसके तहत अलग-अलग कंपनी राजस्थान के खेल विभाग के साथ मिलकर अपना इन्फ्रास्ट्रक्चर और बेहतर बनाने का काम करेगी। इसके साथ ही राजस्थान रॉयल्स जयपुर में एक नया ग्रीन फील्ड स्टेडियम तैयार करेगी। इसमें दुनियाभर की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। जैसे गुजरात के अहमदाबाद में तैयार किया गया है। राजस्थान में यह प्रोजेक्ट सबसे पहले जयपुर में तैयार किया जाएगा।

# राष्ट्र भूभाग नहीं सनातन मूल्य से जुड़ा विचार और संस्कृति: रायपाल बागडे

**जयपुर।** रायपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राष्ट कोई भूभाग भर नहीं होता है, यह संस्कृति और सनातन मूल्य से जुड़ा विचार है। उन्होंने कहा कि राष्ट प्रथम है और बाद में सब है, इस मानसिकता का प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो संस्कार मिलते हैं, उसी से भविष्य का विचार बनता है। उन्होंने देश में मैकाले द्वारा प्रारंभ शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसके जरिए भारतीय संस्कृति को जड़ों से उखाड़ने के निरंतर प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को कभी कोई मिटा नहीं सकता क्योंकि यह हमारे रक्त में घुला है।

बागडे रविवार को एक होटल में नवोत्कर्ष विक्रम संवत 2081 कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को मिटाने का निरंतर प्रयोग होता रहा, पर यह




जीवंत संस्कृति है। उन्होंने प्राचीन भारतीय आविष्कारों की चर्चा करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने आजादी से पहले गजट में लिखा है कि भारत में जितने गुरुकुल हैं, उतने ब्रिटेन में भी नहीं है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत, दशमलव के प्रयोग आदि की चर्चा करते हुए कहा कि वैदिक काल से हमने उन सिद्धांतों को स्थापित कर दिया जो बाद में पश्चिम ने अपने नाम किए।

उन्होंने कहा कि राष्ट का गौरवमय इतिहास शिक्षा पद्धति से ही पता चलता है। भारतीयता के विचार से ही देश में नई शिक्षा नीति बनाकर लागू की गई है। इसे सभी प्रभावी रूप में क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस देश के लोग अपने इतिहास को भूल जाते हैं, उनका भूगोल भी कम होता जाता है। इसलिए सनातन भारतीय मूल्यों के लिए सभी मिलकर कार्य करें। भारत को विकसित राष्ट बनाएं। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने सभी का आभार जताया। रायपाल ने आरंभ में नवोत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा प्राचीन भारत के गौरवमय शासकों, सनातन संस्कृति से जुड़ी चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

# वन नेशन वन इलेक्शन क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की कोशिश : उमर अब्दुल्ला

**जोधपुर।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वन नेशन वन इलेक्शन बिल को क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की साजिश करार दिया है। जीएसटी काउंसिल में हिस्सा लेने राजस्थान पहुंचे उमर अब्दुल्ला ने ये बात कही। रविवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन बिल पार्लियामेंट के सामने है। पार्लियामेंट इस पर बहस करे फिर किसी नतीजे पर आए। कुछ रायों में भी इसको पास करना होगा। हमें तो नहीं लगता कि इससे किसी को फायदा होगा। मुझे लगता है कि यह क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की कोशिश है।

जीएसटी काउंसिल के हिस्सा लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अछा माहौल रहा। अछे फैसले हुए। इसके साथ ही प्री-बजट चर्चा भी हुई। उम्मीद है कि जो बातें हमने वित्त मंत्री के सामने रखी है, उस पर अमल किया जाएगा। खुद गाड़ी चला के आयोजन स्थल पर पहुंचने के सवाल



पर उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि बचपन में मैंने देखा था कि राजीव गांधी भी गाड़ी चलाते थे। मुझे शौक है इसलिए मैं गाड़ी चलाता हूं।

आपको बताते चलें, वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक पर विचार के लिए संसद ने 39 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद पीपी चौधरी करेंगे। समिति के 39 सदस्यों में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, सपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो तथा शिवसेना, तेदेपा, जदयू, रालोद, लोजपा (रामविलास), जन सेना पार्टी, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा-(सपा), माकपा, आप, बीजद और वाईएसआरसीपी के एक-एक सदस्य शामिल हैं।

इससे पहले केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने निचले सदन में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा था।

# जयपुर गैस टैंकर हादसा: उदयपुर के एक और युवक की मौत, कंडक्टर का 2 दिन बाद भी कोई पता नहीं

**उदयपुर।** जयपुर में हुए एलपीजी टैंकर ब्लास्ट की शिकार हुई उदयपुर की बस में चालक के बाद अब एक और युवक की मौत हो गई है। मृतक का नाम फैजान (21) है, जो सविना निवासी था और हादसे में 50 फीसदी से अधिक झुलस गया था। फैजान अपने ननिहाल जयपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया। उसकी मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है। उसका पिता ऑटो चलाता है, और अब परिवार की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। शनिवार रात फैजान को सुपुर्द ए खाक किया गया।



इससे पहले, बस के चालक मोहमद सईद की मौत की खबर शुक्रवार देर रात आई थी, और शव उदयपुर पहुंचा था। वहीं, बस का कंडक्टर कालू अब भी लापता है। कालू दिव्यांग था और छह महीने पहले ही काम पर लगने आया था। उसकी तलाश जारी है, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

हादसा जयपुर में गुरुवार रात 9 बजे हुआ था, जब बस एलपीजी टैंकर के धमाके में फंस गई। हादसे में 32 यात्रियों के अलावा चालक और परिचालक भी सवार थे, जिसमें से 8 लोग झुलस गए थे। बस पूरी तरह जल गई, और अब तक इसके कंडक्टर का पता नहीं चल पाया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे जोधपुर पहुंचीं, मंत्री पोटाराम देवासी की माता को दी श्रद्धांजलि

**जोधपुर।** एयरपोर्ट से वसुंधरा राजे सड़क मार्ग के जरिए बालोतरा जिले के कल्याणपुर क्षेत्र स्थित अराबा गांव के लिए रवाना हुईं। यहां उन्होंने स्वर्गीय उमेद सिंह अराबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की राष्टीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे रविवार को हवाई मार्ग से जोधपुर पहुंचीं। वे दिल्ली से इंडिगो फ्लाइट के जरिए आईं। एयरपोर्ट पर भाजपा पदाधिकारियों और



कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान रायसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व जेडीए चेयरमैन और सरदारपुरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ और मेघराज लोहिया भी मौजूद थे।

एयरपोर्ट से वसुंधरा राजे सड़क मार्ग के जरिए बालोतरा जिले के कल्याणपुर क्षेत्र स्थित अराबा गांव के लिए रवाना हुईं। यहां उन्होंने स्वर्गीय उमेद सिंह अराबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दोपहर 2 बजे उन्होंने मुंडारा क्षेत्र में राय मंत्री पोटाराम देवासी के निवास पर पहुंचकर उनकी माता जी को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रमों के बाद वसुंधरा राजे सड़क मार्ग से वापस जोधपुर लौटीं। जोधपुर में वे रात का विश्राम करेंगी। एयरपोर्ट पर मीडिया द्वारा सवाल पूछे जाने पर राजे ने सिर्फ इतना कहा कि वे स्वर्गीय उमेद सिंह अराबा और पोटाराम देवासी की माता जी को श्रद्धांजलि देने आई हैं।

# वेलर-बिजनेसमैन और इंजीनियर से शादी कर 1.21 करोड़ वसूले:गहने और रुपए लेकर हो जाती थी फरार; परिवार के लोगों पर रेप केस किए

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने शादी कर युवकों को लूटने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। महिला ने मैरिज ऐप या मेट्रोमोनियल साइट के जरिए शहर के एक नामी वेलर से शादी की थी। शादी के बाद घर से 36.50 लाख के गहने और कैश लेकर भाग गई थी। फिर देहरादून में वेलर पति और उसके परिवार के खिलाफ केस दर्ज करवा ब्लैकमेल करने लगी। रविवार को मुरलीपुरा थाना पुलिस की टीम ने उत्तराखंड में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पुलिस जांच में पता चला कि महिला पहले भी एक बिजनेसमैन और सॉफ्टवेयर इंजीनियर से शादी कर रुपए वसूल चुकी है। आरोपी महिला तीनों से अब तक 1.21 करोड़ रुपए वसूलने के साथ ही 2 को जेल भी पहुंचा चुकी है। पुलिस पूछताछ में इसी तरह के अन्य मामलों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

**ऐप के जरिए कॉन्टैक्ट, सहमति पर शादी :**DCP (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- झोटवाड़ा निवासी नामी वेलर ने 29 जुलाई 2023 को मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया- पहली पत्नी की मौत होने के



बाद घर पर छोटे बचों की देखरेख व जीवन साथी के लिए मेट्रोमोनियल साइट जीवन साथी डॉट कॉम पर रजिस्ट्रेशन कर दिया। साइट के जरिए नीलम (बदला हुआ नाम) से कॉन्टैक्ट हुआ। उससे मिलने लिए देहरादून गए। सहमति के बाद फरवरी 2023 में मानसरोवर में शादी हो गई।

**गहने-कैश लेकर भाग निकली:**वेलर ने बताया- शादी के बाद पत्नी नीलम ने ससुराल आकर घरवालों का विश्वास जीत लिया। जुलाई 2023 में अलमारी में रखे करीब 30 लाख के गहने, 6.50 लाख कैश और कीमती सामान समेट कर चुपचाप गायब हो गई।

**बिजनेसमैन से वसूले 75 लाख रुपए :**DCP (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- जांच में सामने आया कि नीलम देहरादून उत्तराखंड की रहने वाली है। साल 2013 में आगरा निवासी बिजनेसमैन के बेटे के साथ शादी की थी। कुछ दिन बाद ही उसके खिलाफ टॉर्चर का केस दर्ज करवा दिया। इसमें राजीनामा के नाम पर 75 लाख रुपए वसूल किए थे। मुरलीपुरा थाने की स्पेशल टीम बनाकर उत्तराखंड भेजा गया। पुलिस टीम ने उत्तराखंड में उसके घर पर दबिश देकर पकड़ा और जयपुर लेकर आई। इसके बाद रविवार को अरेस्ट कर लिया।

**सॉफ्टवेयर इंजीनियर को लूटा :**जांच में सामने आया कि महिला ने साल 2017 में गुरुग्राम निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर से भी शादी की थी। कुछ समय बाद ही पति पर अननैचुरल संबंध बनाने और ममेरे देवर के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया। संगीन धाराओं में दर्ज करवाए मामले में 10 लाख रुपए वसूले थे। महिला ने झोटवाड़ा निवासी वेलर पति के खिलाफ भी अननैचुरल संबंध बनाने और पूरे परिवार के खिलाफ रेप की रिपोर्ट दर्ज करवा रखी है।